आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–02 जून 2024 **सान्ध्य समाचार**

लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण का मतदान समाप्त होने के बाद प्रदेश के सभी जिलों में मतगणना को लेकर तैयारियां तेज कर दी गयी हैं। जिन तेरह लोकसभा सीटों पर मतदान संपंन हुआ। आज वहां के जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी और प्रेक्षकों ने मतगणना स्थल का निरीक्षण कर तैयारियां जांचने के साथ ही प्रत्याशियों, उनके एजेंट और विभिन्न राजनीतिक दलों और पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान अधिकारियों ने उन्हें मतगणना की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया गया कि चार जून की सुबह प्रत्याशियों और उनके एजेंट की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम का सील तोड़ कर ईवीएम बाहर निकाले जाएंगे। सुबह आठ बजे से सबसे पहले पोस्टल बैलेट के मतों की गिनती होगी इसके बाद ईवीएम में पड़े मत गिने जाएगें। उन्होंने बताया कि एजेंट अपने निर्धारित टेबल पर ही रहेगें, उन्हें अन्यत्र जाने की छूट नही होगी। एजेंट अपने साथ पेन, पेन्सिल व नोटपैड ला सकते हैं। मोबाइल सहित किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रोनिक उपकरण मतगणना स्थल पर प्रतिबंधित रहेगा। बिना परिचय पत्र किसी को भी प्रवेश नही मिलेगा। इसके लिए मुख्य द्वार पर ही सख्ती से जांच होगी।

****

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने गृह जनपद गोरखपुर में प्रवास के दौरान आज शहीद अशफाख उल्ला खां प्राणी उद्ययान का भ्रमण एवं निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिड़ियाघर में करीब एक सप्ताह पूर्व इटावा लायन सफारी से लाए गये पांच साल के बब्बर शेर भरत और सात साल की शेरनी गौरी को भी देखा। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने गैंडों की जोड़ी हरी और गौरी को केला खिलाया और बाकी वन्य जीवों का अवलोकन कर चिड़ियाघर के अधिकारियों को उनकी समुचित देखभाल के निर्देश दिए। इसके पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह गुरू गोरक्षनाथ के दर्शन पूजन के बाद गोरखनाथ मंदिर परिसर का भी निरीक्षण किया और श्रद्धालुओं से जुड़ी सुविधाओं और उनकी सुरक्षा के संबंध में मंदिर के कर्मचारियों से चर्चा भी की। उन्होंने निर्देश दिए की दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाए।

****

लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण का कल मतदान समाप्त होने के बाद आज अयोध्या पहुंचे केन्द्रीय उर्जा मंत्री आर के सिंह ने रामलला का दर्शन पूजन कर अशीर्वाद लिया। इससे पहले उन्होंने ने सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में एग्जिट पोल को लेकर उन्होंने आई एन डी आई गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। श्री सिंह ने कहा कि एग्जिट पोल जैसे ही सामने आया, विपक्ष के लोगों की आवाज धीमी हो गयी। उन्होंने दावा किया कि एग्जिट पोल के अनुमान से ज्यादा ही सीटें एनडीए को मिलेगी। उन्होंने कहा कि पाच जून के बाद यह गठबंधन कहीं नही रहेगा। एक सवाल के जवाब में श्री सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जितनी बिजली की जरूरत है वह दी जा रही है। जरूरत पड़ने पर और बिजली दी जाएगी।

****

कल देर रात से लेकर आज सुबह प्रदेश के कई जिलों में तेज हवा के साथ हुई बूंदाबादी से आम जनमानस को कई दिनों से चल रही भीषण गर्मी से काफी राहत मिली। गोरखपुर, देवरिया, संतकबीर नगर, महराजगंज, समेत पूर्वांचल के कुछ जिलों में सुबह बारिश के बाद मौसम साफ हो गया और धूप भी निकली लेकिन उसमें जयादा तपिस नही महसूस की गयी। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक प्रदेश के कई जिलों में रह–रह कर बादल छाएगें और कुछ जिलों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश होने की भी उम्मीद है।

उधर कल दोपहर तक प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का सिलसिला जारी रहा। कई जिलों में अधिकतम तापमान पैतालीस डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया। बीते चौबीस घंटे में सर्वाधिक तापमान अडतालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस कानपुर में रिकार्ड किया गया। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भीषण गर्मी और लू को देखते हुए राहत कार्यो में और तेजी लाने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि इसमे लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

श्री योगी ने संवेदनशील जिलों में विशेष निगरानी के साथ ही चौबीस घंटे में पीड़ितों को मुआवजा दिलाने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लू से जन हानि व पशु हानि नही होनी चाहिए। इसके लिए विशेष निगरानी की जाए।

****